अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance...

IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

15 MAY 2024

USEFUL FOR



IAS | PCS

& other civil services exams


Sunil Lawania

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza, Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

**1. अंततः खगोलविदों ने '55 कैनक्री ई' नामक वायुमंडल वाला चट्टानी ग्रह खोजा**



- खगोलविदों ने हमारे सौर मंडल से परे वायुमंडल वाले चट्टानी ग्रहों की खोज की है '55 कैनक्री ई या जानसेन' नामक ग्रह, पृथ्वी से लगभग 8.8 गुना अधिक विशाल है।
- यह हमारे सौर मंडल के सबसे भीतरी ग्रह बुध और सूर्य के बीच की दूरी के 25वें भाग पर अपने तारे की परिक्रमा करता है।
- परिणामस्वरूप, इसकी सतह का तापमान लगभग 3,140 डिग्री फ़ारेनहाइट (1,725 डिग्री सेल्सियस/2,000 डिग्री केल्विन) है।

**2. केरल सरकार द्वारा मंदिर में कनेर के फूलों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया**



- केरल सरकार द्वारा नियंत्रित दो मंदिर न्यासों ने मंदिरों में ओलिएंडर प्रजाति के फूल यानी कनेर फूल की एक किस्म के चढ़ाए जाने पर पाबंदी लगा दी.
- ये मंदिर न्यास 2500 से ज्यादा मंदिरों की देखरेख करते हैं.
- स्थानीय भाषा में अरली कहलाते इन फूलों के बारे में कहा जाता रहा कि ये जहरीले होते हैं.
- ये फैसला 24 साल की नर्स सूर्या सुरेंद्रन की मौत के बाद लिया गया.

**3. कैडेट डिफेंस सिस्टम्स लिमिटेड ने भारतीय सशस्त्र बलों के लिए भारत की पहली अग्रणी लोइटरिंग एरियल म्यूनिशन (एलएएम) पेश की**



- कैडेट डिफेंस सिस्टम्स लिमिटेड ने भारतीय सशस्त्र बलों के लिए भारत की पहली अग्रणी लोइटरिंग एरियल म्यूनिशन (एलएएम) पेश की है।
- इसे रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के साथ एक अद्वितीय विकास सह उत्पादन भागीदार (डीसीपीपी) मॉडल के तहत विकसित किया गया था।
- स्वदेशी एलएएम पूरी तरह से भारत में डिजाइन और निर्मित किए गए हैं। LAM के 90% से अधिक घटक घरेलू स्रोत से प्राप्त होते हैं।

**4. पी श्यामनिखिल भारत के 85वें शतरंज ग्रैंडमास्टर बने**



- तमिलनाडु के पी श्यामनिखिल भारत के 85वें शतरंज ग्रैंडमास्टर (जीएम) बने।
- आठ साल की उम्र में अपना करियर शुरू करने वाले 31 वर्षीय शतरंज प्रतिभावान खिलाड़ी ने आखिरकार 2024 दुबई पुलिस मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में अपना तीसरा और अंतिम जीएम मानदंड हासिल किया।
- आर वैशाली 84वें भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर थे।
- दुबई पुलिस मास्टर शतरंज टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले, श्यामनिखिल को प्रतिष्ठित जीएम खिताब हासिल करने के लिए सिर्फ एक जीत और आठ ड्रॉ की जरूरत थी।
- श्यामनिखिल ने 2012 में ही आवश्यक 2500 ईएलओ रेटिंग अंक और दो जीएम मानदंड अर्जित कर लिए थे।
- लेकिन जीएम का दर्जा पाने के लिए अनिवार्य तीसरे जीएम मानदंड को प्राप्त करने के लिए उन्हें 12 साल और इंतजार करना पड़ा।

**5. फूड इनोवेशन कॉन्फ्रेंस 2024 का आयोजन 13 मई से 15 मई तक दुबई में किया**



- फूड इनोवेशन कॉन्फ्रेंस 2024 का आयोजन 13 मई से 15 मई तक दुबई में किया जाएगा।
- यह कार्यक्रम मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ग्लोबल इनिशिएटिव्स (MBRGI) और वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF) द्वारा "रीइमेजिनिंग फ्यूचर फूड सिस्टम्स" थीम के तहत आयोजित किया जाएगा।
- इस आयोजन के द्वारा खाद्य क्षेत्र में सर्वोत्तम अंतरराष्ट्रीय प्रथाओं और अध्ययनों और एआई और भोजन के लिए डेटा सहित नवीनतम प्रासंगिक प्रौद्योगिकियों पर चर्चा की जाएगा।

**6. जापान ने सुल्तान अजलान शाह ट्रॉफी 2024 जीत ली**




- जापानी पुरुष हॉकी टीम ने अपना पहला सुल्तान अजलान शाह ट्रॉफी खिताब जीतकर इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज कराया।
- पाकिस्तान के खिलाफ मैच निर्धारित समय के बाद 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ, जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया।
- 11 मई 2024 को मलेशिया के इपोह में अजलान शाह स्टेडियम में बेहद रोमांचक शूटआउट में पाकिस्तान को 4-1 से हराकर जापान विजयी हुआ।

**7. अमन सहरावत ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान बने**




- अमन सहरावत 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा स्थान हासिल करने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान बन गए हैं।
- एशियाई चैंपियन सहरावत ने इस्तांबुल, तुर्किये में विश्व कुश्ती ओलंपिक क्वालीफायर में पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में पेरिस कोटा हासिल किया।
- सहरावत ने 2024 ओलंपिक के लिए कुश्ती में भारत का छठा कोटा हासिल करने के लिए सेमीफाइनल में कोरिया के चोंगसोंग हान को 12-2 से हराया।

**8. भारतीय जिमनास्ट सृष्टि खंडागले ने एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक जीता**

Asian Wrestling Championship

- भारत की सृष्टि खंडागले ने एशियाई ट्रैम्पोलिन जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनकर इतिहास रचा।
- उन्होंने हांगकांग, चीन में आयोजित छठी एशियाई ट्रैम्पोलिन जिमनास्टिक चैम्पियनशिप में महिला व्यक्तिगत आयु समूह वर्ग में रजत पदक जीता।
- कजाकिस्तान की डोलगोपोलोवा ने स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि हांगकांग की एस हंग ने कांस्य पदक जीता।

**9. रथिका, सेंथिल 22वीं एशियाई स्क्वैश चैम्पियनशिप में भारत का नेतृत्व करेंगे**



- स्क्वैश रैकेट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसआरएफआई) ने भारतीय टीम की घोषणा कर दी है, जो 22वीं एशियाई टीम स्क्वैश चैंपियनशिप में भाग लेगी।
- 22वीं एशियाई टीम स्क्वैश चैम्पियनशिप 12 से 16 जून 2024 तक चीन के डालियान में आयोजित की जाएगी।
- वेलावन सेंथिलकुमार भारतीय पुरुष टीम का नेतृत्व करेंगे जबकि रथिका सीलन महिला टीम का नेतृत्व करेंगी।
- 19वें हांगझू एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम बेहद आशावादी है। हांग्जो एशियाई खेलों में भारत ने पांच पदक जीते - दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य।
- भारतीय पुरुष टीम वर्तमान एशियाई टीम चैंपियन है, जिसने दक्षिण कोरिया के चेओंगजू में 2022 प्रतियोगिता जीती थी।

**10. लखनऊ में आईटीएफ टूर्नामेंट जूनियर 30 का उद्घाटन**



- अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ, आईटीएफ टूर्नामेंट जूनियर 30 का उद्घाटन लखनऊ में किया गया।
- इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के एडीजी ट्रैफिक बी.डी. पॉलसन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।
- इस प्रतियोगिता में यूक्रेन और अमेरिका के खिलाड़ियों सहित जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग के लगभग 125 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस प्रतिष्ठित खिताब के लिए यूपी के भी कई खिलाड़ी मैदान में हैं।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **हाल ही में चर्चा में रहा '55 कैनक्री ई' का संबंध किससे है?**
   (a) नया खोजा ग्रह
   (b) जासूसी उपग्रह
   (c) लेजर हथियार
   (d) सौर तूफान
2. **हाल ही में किस राज्य ने मंदिर में कनेर के फूलों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है?**
   (a) महाराष्ट्र
   (b) गोवा
   (c) केरल
   (d) कर्नाटक
3. **भारतीय सशस्त्र बलों के लिए भारत की पहली लोइटरिंग एरियल म्यूनिशन किसने पेश की है?**
   (a) DRDO
   (b) कैडेट डिफेन्स सिस्टम् लिमिटेड
   (c) ISRO
   (d) हिंदुस्तान एयरोनोटिक्स लिमिटेड
4. **भारत के 85वें शतरंज ग्रैंडमास्टर कौन हैं?**
   (a) आर प्रज्ञानानंद:
   (b) वैशाली रमेशबाबू
   (c) एलेक्ज़ेंडर प्रेडके
   (d) पी श्यामनिखिल
5. **निम्न में से कौन सा शहर खाद्य नवाचार सम्मेलन 2024 की मेजबानी करेगा?**
   (a) रोम
   (b) दुबई
   (c) नई दिल्ली
   (d) लन्दन
6. **हाल ही में सुल्तान अजलान शाह ट्रॉफी 2024 किसने जीत ली है ?**
   (a) Pakistan
   (b) Japan
   (c) India
   (d) Netherland
7. **हाल ही में पेरिस ओलंपिक, 2024 के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान कौन है?**
   (a) सुमित मलिक
   (b) दीपक पुनिया
   (c) बजरंग पुनिया
   (d) अमन सहरावत
8. **सृष्टि खंडागले, जिन्हें मई 2024 में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने के लिए खबरों में देखा गया था, निम्नलिखित में से किस खेल से जुड़ी हैं?**
   (a) जिमनास्ट
   (b) गोला फेंक
   (c) बैडमिंटन
   (d) वुशु
9. **22वीं एशियाई टीम स्क्वैश चैम्पियनशिप के लिए भारतीय महिला टीम का कप्तान किसे नियुक्त किया गया है?**
   (a) जोशना चिनप्पा
   (b) रथिका सीलन
   (c) अनाहत सिंह
   (d) निकिता विजय
10. **अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ (ITF) जूनियर 30 टूर्नामेंट हाल ही में किस शहर में शुरू हुआ है?**
    (a) बेंगलुरु
    (b) नई दिल्ली
    (c) लखनऊ
    (d) ग्रेटर नोएडा

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | (c) | (c) | (d) | (b) | (b) | (d) | (a) | (b) | (c) |